**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**10.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## ''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने मण्डी जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों का लिया जायजा–प्रभावितों को फिर से बसाने के लिए वन टाईम पॉलिसी लाने का दिया भरोसा।
- राज्य सरकार ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय थुनाग को सुंदर नगर स्थानांतरित करने का लिया निर्णय।
- प्रसिद्ध श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू–प्रतिदिन 8 सौ श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी अगले तीन–चार दिन कुछ भागों में भारी वर्षा की सम्भावना।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज दूसरे दिन भी मण्डी जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग, बगस्याड़, देजी, बाड़ा और स्यांज गांवों का दौरा किया। देजी गांव में बादल फटने से 11 लोग लापता हैं जबकि बाड़ा में 2 लोगों की मौत हुई है। इसी प्रकार स्यांज गांव में 4 लोगों की मौत हुई है और 5 लोग लापता हैं। प्रभावितों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इलाके में ऐसी आपदा 2 सौ साल में कभी नहीं आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को फिर से बसाने के लिए वन टाईम पॉलिसी लाने पर विचार करेगी और राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने बाड़ा राहत शिविर में रह रहे पीड़ित परिवारों से बातचीत की और उनके साथ भोजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा में अपना घर–बार खो चुके लोगों को राज्य सरकार मकान के किराए के लिए 5 हजार रूपए प्रति महीने की सहायता राशि देगी जबकि उन्हें बर्तन इत्यादि सामग्री भी प्रदान की जाएगी।

***जो किराए के मकान में आप अपना देखो, सरकार 5000 रुपए देगी और 6 महीने तक आपको पहले 5000 रुपए देगी,बर्तन भी देगी। किराए के मकान में रह लो तब तक। और बच्चों की पढ़ाई का मैं देखता हूं कैसे करना। और सड़क बनाने का तरीका क्या है और जगह कहां मिलती है देखो तो।मैं केस तो भेज दूंगा उसको, वह क्या करती है भारत सरकार देती है लेकिन सरकारी जगह जो कर भूमि में हो, घर बनाने के लिए हम दे सकते हैं। घर बनाने के लिए तो दें पर ऐसी जगह हो कि नाले के साथ न हो।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए राज्य सरकार ने सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए 7 करोड़ रूपए तुरंत प्रभाव से जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि दो करोड़ रूपए पहले ही प्रदान कर दिए गए हैं और लोक निर्माण व जलशक्ति विभाग को अब 2–2 करोड़, जबकि बीडीओ को एक करोड़ रूपए दिए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने थुनाग विश्राम गृह में आपदा प्रभावितों की मदद कर रही एनसीसी छात्राओं से भी मुलाकात कर उनके सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने थुनाग में सीबीएसई आधारित स्कूल खोलने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य जवानों का हौंसला बढ़ाया।

## सुक्खू–जयराम

इस बीच मुख्यमंत्री ने कल देर शाम थुनाग में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ बैठक कर राहत और बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने के लिए सड़कों और बाधित बिजली व जलापूर्ति योजनाओं की बहाली के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे जल्द ही केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर हिमाचल के लिए एक विशेष राहत पैकेज देने का अनुरोध करेंगे। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं से इलाके में भारी तबाही हुई है और जिन लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया है, उनके पुर्नवास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## गौपाल योजना

पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ने गौपाल योजना के तहत प्रतिमाह दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 7 सौ रूपए से एक हजार 2 सौ रूपए प्रति गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है। गौ सदनों को ये राशि अगले महीने से दी जाएगी। चन्द्र कुमार ने आज शिमला में गौ सेवा आयोग की बैठक में बताया कि कांगड़ा, हमीरपुर और ऊना में नए गौ सदनों व गौ–अभ्यारण्यों की स्थापना का कार्य जारी है।

## बागवानी कॉलेज

राज्य सरकार ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय थुनाग को सुंदर नगर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस कॉलेज को भारी वर्षा से काफी नुकसान पहुंचा है और विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने इसे शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आपदा के कारण पढ़ाई को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

## श्रीखंड यात्रा

प्रसिद्ध श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। कुल्लू जिले के सिंहगाड़ से आज सुबह पहला जत्था श्रीखंड के लिए रवाना हुआ। ये यात्रा 23 जुलाई तक चलेगी। यात्रा को लेकर कुल्लू जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

***हिमाचल प्रदेश की धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा यात्रा पर जाने वाले पहले जत्थे को आधार शिविर सिंहगाड़ से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तो को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है तथा बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। इस बार यह यात्रा 23 जुलाई तक चलेगी स यात्रा में प्रतिदिन अधिकतम 800 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी गई है।***

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का सिलसिला रूक–रूककर जारी है। पिछले 24 घंटों में कुछ इलाकों में भारी वर्षा का समाचार है। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। इन घटनाओं में एक सौ 31 लोग घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी रहने की सम्भावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मण्डी, शिमला और सिरमौर जिले के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

***अलर्ट की बात करें तो आज 10 जुलाई को डिस्टिक ऊना , बिलासपुर , हमीरपुर , कांगडा, मंडी और शिमला और सिरमौर यहां पर एक दो स्थानों में हेवी रेनफाल हो सकती है इसको देखते हुए आज हेवी रेनफाल का अलर्ट जारी किया हुआ साथ में डिस्टिक सिरमौर , कांगड़ा यंहा पर ऑरेंज केटेगरी का अलर्ट है । 11 और 12 जुलाई को डिस्टिक मंडी , शिमला , सिरमौर यंहा पर कुछ स्थानों में में भारी बारिश हो सकती है । यह 13 जुलाई से लेकिन 16 जुलाई कर संभावना की प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश होगी और साथ में जो मैं डिस्टिक कांगडा, कुल्लू , मंडी , शिमला , सिरमौर है और ऊना , बिलासपुर , हमीरपुर यंहा पर भारी बारिश कुछ स्थानों में हो सकती है इन डिस्टिक में हेवी रेनफाल का अलर्ट जारी किया हुआ है।***

**एचआरटीसी**

राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों में अभी तक इस महीने का वेतन न मिलने से भारी रोष है और निगम के चालकों व परिचालकों ने मात्र 8 घंटे ही काम करने का फैसला लिया है। चालक परिचालक संघ के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वेतन न मिलने तक निगम के चालक व परिचालक 8 घंटे ही काम करेंगे और उसके बाद बसें खड़ी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चालकों व परिचालकों के पिछले कई महीनों के रात्रि ओवर टाईम का भुगतान भी नहीं हुआ है।

***आज 12000 कर्मचारियों को 10 तारीख का होगी लेकिन सैलरी नहीं मिली है एचआरटीसी के कर्मचारियों के जो देय भत्ते हैं दुनिया भर के देय भत्ते हैं। दुनिया भर का लेने को है। 100 करोड़ ओवरटाइम लेने को है। एरियर दुनिया भर का लेने को है। आज हमारी यह दशा है कि हमारी जेब में खुद के लिए खर्चा नहीं है। हम लोगों से उधार मांग कर अपना खर्चा चला रहे हैं। मैं माननीय प्रबंधन से और माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी से एक बार फिर गुजारिश करना चाहता हूं कि समय रहते इन बातों पर सुधार लाया जाए हम सिर्फ और सिर्फ वर्क टू रुल करेंगे, 8 घंटे से ऊपर काम नहीं करेंगे, न हमें ओवरटाइम चाहिए ना हमें नाइट चाहिए। हमें सिर्फ सैलरी चाहिए और टाइम से पहली तारीख दी जाए।***

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने मण्डी जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों का लिया जायजा–प्रभावितों को फिर से बसाने के लिए वन टाईम पॉलिसी लाने का दिया भरोसा।
- राज्य सरकार ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय थुनाग को सुंदर नगर स्थानांतरित करने का लिया निर्णय।
- प्रसिद्ध श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू–प्रतिदिन 8 सौ श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी अगले तीन–चार दिन कुछ भागों में भारी वर्षा की सम्भावना।